# ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान से प्रदेश हरा-भरा बनेगा : खींवसर

बीकानेर, (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह खीवसर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ‘एक पेड़ मां के नाम’ आव्हान अब जन आंदोलन बन गया है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल पर चलाया जा रहा ‘हरियालो राजस्थान’ अभियान प्रदेश को हरा-भरा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

गजेन्द्र सिंह ने रविवार को हरियाली तीज के अवसर पर पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में आयोजित 76 वें जिला स्तरीय वन महोत्सव के दौरान यह बात कही। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि एक दौर था, जब राजस्थान में दूर-दूर तक पेड़ नहीं दिखते थे। उस समय में प्रदेश में बहुत कम बरसात होती और लगातार सूखा रहता। आज सरकार के प्रयासों से आमजन में जागरूकता आई है और प्रदेश हरियाली से परिपूर्ण हो रहा है। इससे औसत बरसात में वृद्धि हुई है, जो कि प्रदेश के लिए लाभदायक है।

गजेन्द्र सिंह ने बताया कि हरियालो राजस्थान अभियान के तहत इस वर्ष प्रदेश में दस करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वहीं हरियाली तीज के अवसर पर एक दिन में ढाई करोड़ पौधे लगाये जा रहे हैं। इसके लिए शहर-शहर और गांव-गांव आयोजन हो रहे हैं। उन्होंने बीकानेर में लगने वाले सभी पौधों की नियमित देखभाल करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि पर्यावरणीय अनुकूलता के अनुसार प्रजातियों के पौधे लगाये जाएं, जिससे उन्हें आसानी से संरक्षित किया




**हरियाली तीज पर पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में आयोजित 76 वें जिला स्तरीय वन महोत्सव को बीकानेर जिला प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने संबोधित किया।**

जा सके। उन्होंने प्रकृति के अति दोहन से होने वाले नुकसान पर चिंता जताई और कहा कि इसका एकमात्र उपाय अधिक से अधिक पौधे लगाना है। उन्होंने कहा कि यह हमारा सामूहिक दायित्व है कि हम पर्यावरण को संतुलित बनाएं। अधिक से अधिक पौधे लगाकर हम आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण दे सकते हैं।

संभागीय मुख्य वन संरक्षक हनुमानाराम ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने बताया कि हरियालो राजस्थान अभियान के तहत इस वर्ष बीकानेर जिले में पचास लाख पौधे लगाये जायेंगे। वन विभाग द्वारा जिला प्रशासन के निर्देशानुसार सभी आवश्यक तैयारियां की गई हैं। सहायक वन संरक्षक डॉ. पूजा पंचारिया ने आगंतुकों का आभार जताया। इस दौरान पेड़-पौधे संरक्षण से जुड़ी लघु नाटिका की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन किशोर सिंह राजपुरोहित ने किया।

प्रभारी मंत्री ने अर्जुन का पौधा लगाकर जिला स्तरीय वन महोत्सव की शुरूआत की। कार्यक्रम स्थल पर कुल दो हजार पौधे लगाये गए। इसमें वन और पुलिस विभाग के कार्मिकों के अलावा स्काउट-गाइड, स्कूली विद्यार्थी और आमजन शामिल रहे। इस दौरान राजीविका की ओर से प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसमें राजीविका के स्वयं सहायता समूह, कृषि, केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान, लोटस डेयरी तथा उरमूल डेयरी की स्टॉल्स लगाई गई। प्रभारी मंत्री ने राजीविका के हस्तनिर्मित उत्पादों को सराहा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के यह प्रयास आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में मील के पत्थर साबित होंगे।

इस दौरान विधायक सिद्धि कुमारी, जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल, संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर, पुलिस ट्रेनिंग स्कूल के कमांडेंट अनंत कुमार, नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, बीकानेर विकास प्राधिकरण आयुक्त अपर्णा गुप्ता, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल, श्याम पंचारिया तथा सुमन छाजेड़ तथा उपवन संरक्षक लखन सिंह अतिथि के रूप में मौजूद थे।

- हरियालो राजस्थान अभियान के तहत इस वर्ष प्रदेश में दस करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है
- हरियाली तीज के अवसर पर एक दिन में ढाई करोड़ पौधे लगाये जा रहे हैं

श्रीगंगानगर जिला प्रशासन एवं वन विभाग की ओर से एक पेड़ मां के नाम और हरियालो राजस्थान अभियान के तहत हरियाली तीज के अवसर पर रविवार को जिले भर में वृहद स्तर पर पौधारोपण किया गया।

वन विभाग द्वारा 76 वें जिला स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन जिला मुख्यालय पर चक 1 एफ छोटी, सूरतगढ-पदमपुर बाइपास स्थित नगर विकास न्यास एसटीपी के पीछे किया गया। इस अवसर पर लोगों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण करते हुए रोपे गए पौधों की सार-संभाल का संकल्प भी लिया। जिले में समस्त उपखंड स्तर पर भी पौधारोपण किया गया।

## नशे के कैप्सूल सहित महिला गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिला मुख्यालय पर दो अलग-अलग जगह से नशीले पदार्थों के साथ आरोपी गिरफ्तार किए गए। कार्रवाई कोतवाली व जवाहर नगर थाना पुलिस ने की। कोतवाली पुलिस ने प्रतिबंधित प्रीगाबालीन कैप्सूल बेचने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया है।

आरोपिया की पहचान किरण निवासी पुरानी आबादी के तौर पर हुई है। एएसआई स्वर्ण सिंह ने बताया कि आरोपिया किरण बस स्टैंड के पास घूमती हुई मिली। संदेह होने पर पूछताछ की गई तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। तलाशी लेने पर आरोपिया के पास 130 कैप्सूल प्रीगाबालीन बरामद हुए। यह कैप्सूल नशे के तौर पर उपयोग होने के कारण जिला प्रशासन की ओर से प्रतिबंधित श्रेणी में रखे गए हैं। आरोपिया के पास बिक्री राशि के तौर 460 रूपए भी बरामद हुए।

जवाहर नगर थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को डोडा पोस्त सहित पकड़ा। एसआई जयवीर सिंह ने देर शाम गश्त के दौरान 12 मासी नहर की पुलिया पर एक व्यक्ति को घूमते हुए पाया। तलाशी लेने पर व्यक्ति के पास 523 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। आरोपी की पहचान छोटू सिंह निवासी रामदेव कालोनी के तौर हुई है।

आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच की जा रही है। पहले भी पकड़ी गई थी नशे के कैप्सूल के साथ पकड़ी गई किरण इसी बिक्री में पहले भी शामिल रही है। एएसआई स्वर्ण सिंह ने बताया कि कुछ महीने पहले भी उसे प्रतिबंधित कैप्सूलों के साथ पकड़ा गया था।

## सार-समाचार

### वृद्धजन भ्रमण पथ पर की सफाई




**टीम आवर फॉर नेशन ने वृद्धजन भ्रमण पथ पर सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया।**

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर को स्वच्छता में राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार मिल चुका है। इसके बावजूद लगभग हर रोज बीकानेर के सार्वजनिक बहुत से स्थलों पर प्राय: रोजाना ही आम नागरिकों को सफाई के लिए आगे आना पड़ता है। ऐसी ही एक टीम है जो प्रति सप्ताह मौसम के नजरिए से कठिन परिस्थितियों में भी अपने स्वच्छता अभियान को जारी रखे हुए है। हम बात कर रहे हैं टीम आवर फॉर नेशन का। इस टीम ने रविवार को बीकानेर के वृद्धजन भ्रमण पथ पर सफाई अभियान चलाकर सेवा भावना और समर्पण की नजीर रखी। इस स्थल की सफाई इसी टीम ने कुछ समय पहले भी करके लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया था। आज अभियान में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, मॉर्निंग वॉकर्स ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। समाजसेवी व योग गुरू विनोद जोशी ने स्वयं अभियान मेें सहभागिता की और सभी को प्रेरित भी किया। टीम ने सभी सदस्यों और नए साथियों का हृदय से स्वागत किया। आज अभियान के दौरान वृद्धजनों के लिए बनाए गए भ्रमण पथ के पास से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली भरकर कचरा साफ किया गया। यह स्थान समाज के वरिष्ठ नागरिकों और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों का प्रिय स्थल है और इस क्षेत्र की सफाई अत्यंत आवश्यक थी। टीम का संकल्प है कि समाज की भलाई और स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने की दिशा में यह अभियान लगातार चलता रहेगा। आवर फॉर नेशन केवल एक टीम नहीं बल्कि एक सोच है कि हर नागरिक सप्ताह में कम से कम एक घंटा राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित करें।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया



**इको फ्रेंडली बैग पर हस्ताक्षर कर प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर रूमा देवी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।**

बीकानेर, (कासं)। अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी द्वारा संचालित पर्यावरण जागरूकता अभियान के अंतर्गत बीकानेर में आज एक विशेष आयोजन में प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर एवं मोटिवेशनल स्पीकर रूमा देवी ने इको फ्रेंडली बैग पर हस्ताक्षर कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस प्रेरणादायक पहल के माध्यम से उन्होंने आमजन को प्लास्टिक मुक्त भारत की ओर अग्रसर होने का आव्हान किया। इस अवसर पर रूमा देवी को राष्ट्रीय स्तर की अणुव्रत पत्रिकाएं भी भेंट की। रूमा देवी ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि प्लास्टिक को जड़ से समाप्त करना है, तो उसकी मैन्युफैक्चरिंग पर ही पूर्ण रोक लगानी होगी। अणुविभा पर्यावरण जागरूकता अभियान की राष्ट्रीय संयोजिका डॉ. नीलम जैन ने इस अवसर पर बताया कि यह अभियान देशभर में जनजागरूकता के माध्यम से प्रकृति संरक्षण की दिशा में एक सशक्त आंदोलन बन चुका है। उन्होंने कहा कि यह न केवल एक पर्यावरणीय पहल है बल्कि यह सामाजिक चेतना का भी विस्तार है। इस गरिमामयी अवसर पर अणुविभा के उत्तरांचल क्षेत्र के सह-संयोजक इंदरचंद सेठिया, अणुव्रत समिति के सहमंत्री एवं मीडिया प्रभारी सुरेश मोदी, विमला ढुकवाल तथा सुमन चौधरी भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। रूमा देवी ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण बचाने के लिए केवल भाषण नहीं बल्कि व्यवहारिक बदलाव आवश्यक है। प्लास्टिक का विकल्प अपनाना और जन-जागरण के माध्यम से बदलाव लाना आज की आवश्यकता है। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक मजबूत कदम है बल्कि जनमानस को जागरूक करने की दृष्टि से भी अत्यंत सराहनीय है।

### निजी बसों की हड़ताल से परेशान

बीकानेर, (कासं)। जयपुर में प्राइवेट बस ऑपरेटरों द्वारा सिंधी कैम्प से बसों को हीरापुरा शिफ्ट करने के खिलाफ अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करने का सीधा असर बीकानेर से जयपुर, कोटा, अजमेर सहित बड़े शहरों की यात्रा करने वाले यात्रियों पर पड़ा है। बीकानेर से संचालित सभी प्राइवेट स्लीपर और लग्जरी बसों का संचालन ठप हो गया, जिससे हजारों यात्रियें को रोडवेज का रुख करना पड़ा। बता दें बीकानेर से जयपुर के बीच हर दिन चलने वाली 100 से अधिक प्राइवेट लग्जरी और स्लीपर बसों के संचालन पर पूरी तरह रोक लगा दी गई, जिससे सफर करने वाले यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ऑल राजस्थान कांट्रैक्ट कैरिज बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के नेतृत्व में हड़ताल शुरू की गई है। एसोसिएशन का कहना है कि हीरापुरा बस स्टैंड में यात्रियों के लिए पर्याप्त सुविधा, पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था नहीं है और यह निर्णय अचानक थोप दिया गया है। बीकानेर से चलने वाली बसों की अग्रिम बुकिंग भी ऑपरेटरों द्वारा रद्द कर दी गई है। बीकानेर से जयपुर, कोटा, अजमेर, जोधपुर, श्रीगंगानगर और सूरत, अहमदाबाद जैसे शहरों के लिए निजी बसों का संचालन होता है। इन बसों में रोजाना सैकड़ों यात्री सफर करते हैं।

# पीबीएम की पुरानी बिल्डिंग जर्जर, वार्डों में छत से टपकता पानी

बीकानेर, (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज भवन का एक हिस्सा पिछले दिनों बारिश के कारण ध्वस्त हो गया था। उस हिस्से को तो गिरा दिया गया लेकिन मरम्मत अभी तक शुरू नहीं हो पाई है।

बारिश के कारण संभाग के सबसे बड़े पीबीएम हॉस्पिटल की छतों से आने लगा है। वार्डों में सीलन आ गई है। मेडिकल कॉलेज के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत का काम भी अब तक शुरू नहीं हो पाया है। अस्पताल प्रशासन पीडब्लयूडी के ढुलमुल रवैये से परेशान है। छत की दीवारों को भी गिराया जा रहा है। इसी प्रकार पीबीएम हॉस्पिटल के सी वार्ड के टॉयलेट की छत एक साल बाद भी ठीक नहीं हो पाई है। बारिश के कारण प्रथम फ्लोर के वार्ड और गैलरियों में छत से पानी गिरने लगा है। एच वार्ड का पिछला हिस्सा जर्जर हालत में है।

- सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज भवन का एक हिस्सा पिछले दिनों बारिश के कारण ध्वस्त हो गया था

पीबीएम हॉस्पिटल का भवन करीब 88 साल पुराना है। दीवारें चूने की हैं, लेकिन उनकी चौड़ाई इतनी अधिक है कि मजबूती अब तक बनी हुई है। पीबीएम अधीक्षक का कहना है कि भवन पुराना होने के कारण हादसे की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि पीडब्लयूडी के अभियंताओं से 15 दिन पहले मीटिंग हुई थी। अब तक कहीं पर भी रिपेयरिंग का काम शुरू नहीं हो पाया है। यूरोलॉजी विभाग के भवन की मरम्मत को लेकर अब तक कोई फैसला नहीं हो पाया है। सर्वे रिपोर्ट में भवन की स्थिति काफी कमजोर बताई गई थी। बारिश का पानी भवन के अंदर भर जाता है। एक तरफ का पूरा हिस्सा ही जर्जर हालत में है। मरीजों की संख्या बढ़ गई है।

नोडल अधिकारी डॉ. हरफूल बिश्नोई ने एक इंजीनियर के साथ सर्वे कर रिपोर्ट प्रिंसिपल और अधीक्षक को सौंपी थी, जिसमें साफ लिखा है कि बिल्डिंग की हालत बेहद खराब है। दीवारों में सीलन और छत में रिसाव है, जिससे मरीजों को खतरा है। कभी भी दुर्घटना या जानमाल का नुकसान हो सकता है। इसलिए विभाग को अन्यत्र शिफ्ट किया जाना चाहिए।

डॉ. सुरेन्द्र कुमार, अधीक्षक का कहना है कि पीबीएम अस्पताल में काफी जगह पर मरम्मत होनी है। पीडब्लयूडी के अभियंताओं को स्थिति का पता है फिर भी देरी की जा रही है।

## बारिश से धरणीधर तालाब लबालब

बीकानेर, (कासं)। यहां सावन की पहली अच्छी बारिश के साथ ही धरणीधर तालाब ने रौनक पकड़ ली है। लबालब भरे इस ऐतिहासिक तालाब में इन दिनों सुबह से शाम तक युवाओं की टोलियां मौज-मस्ती करती नजर आ रही हैं। खासतौर पर बीकानेर के तैराक छतरी से गंठे लगाने के लिए तालाब की ओर खिंचे चले आ रहे हैं।

यहां सुबह से लेकर शाम तक परिवार, बच्चे, बुजुर्ग सभी साथ बैठकर गोठ और पिकनिक मनाते थे। समय की व्यस्तता और बदलते जीवनशैली के चलते अब भीड़ थोड़ी कम जरूर हुई है। लेकिन तालाब के किनारे आज भी युवाओं की मस्ती देखते ही बनती है। बारिश के पानी से प्राकृतिक सौन्दर्य भी निखर उठा है। छांव में बैठकर हवा का आनंद लेना, बच्चों का पानी में तैरते हुए खेलना और युवाओं की छलांगें ये नजारे फिर से शहरवासियों को बीकानेर की माटी से जोड़े हुए हैं।

## छह के 15.86 लाख वसूले, 10 और मांगे

बीकानेर, (कासं)। एक व्यापारी को 6 लाख रूपए उधार देकर ब्याज सहित 15.86 लाख रूपए वसूलने के बाद भी उसे जान से मारने की धमकी देकर 10 लाख रूपए और मांगने का मामला सामने आया है।

बर्तन बाजार स्थित मरोठी सेठिया मोहल्ला निवासी मुकेश जैन की ओर से कोतवाली थाना पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि उसका चौधरी कॉलोनी निवासी दीपक शर्मा के साथ इलेक्ट्रोनिक का व्यापार था। वर्ष, 21 में धोबीतलाई निवासी आवेश खान से 6 लाख रूपए उधार लिए थे। 15 मार्च, 25 तक आवेश को 15.84 लाख रूपए ब्याज सहित चुका दिए गए। उसके बावजूद और रूपये मांगे जा रहे हैं।

आवेश ने जान से मारने की धमकी दी और 10 लाख रूपए देने के लिए कहा। 24 जुलाई को भी आवेश परिवादी से मिला और धमकी दी।

- एक व्यापारी को 6 लाख रूपए उधार देकर ब्याज सहित 15.86 लाख रूपए वसूलने के बाद भी जान से मारने की धमकी देकर 10 लाख और मांगे

इसकी जानकारी कोटगेट थाने में दी गई है। आरोप है कि आवेश ब्याज वसूली की गैंग चलाता है। आवेश ने धमकाकर यस बैंक के तीन चैक भी हासिल कर लिए। परिवादी ने रिपोर्ट में आशंका जताई है कि आवेश, उसका मामा फिरोज व गैंग के अन्य लोग जान से मार सकते हैं। परिवार डर के माहौल में है। कोतवाली एसएचओ जसवीर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। आवेश की तलाश की जा रही है।

## बसंत प्रभा ने जोरावरपुरा में दी मंत्र दीक्षा

नोखा, (कासं)। यहां जोरावरपुरा तेरापंथ भवन में आचार्य महाश्रमण की सुशिष्य साध्वी बसंत प्रभा के सानिध्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय युवक परिषद के निर्देशन में मंत्र दीक्षा के लिए आयोजित किया गया था।

साध्वी बसंत प्रभा ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों का भविष्य उनके माता-पिता और गुरू के हाथों में होता है। उन्होंने बच्चों के जीवन को कोरे कागज से तुलना दी। उन्होंने कहा कि बच्चे वैसा ही सीखते हैं, जैसा अभिभावक उन्हें सिखाते हैं। साध्वी जी ने माता-पिता से अपील की है कि वे अपने बच्चों को घर के शुद्ध वातावरण में शिक्षित करें। उन्होंने कहा कि घर का वातावरण शांत होना चाहिए। बच्चों को लड़ाई, झगड़े और आपसी कलह से दूर रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि जैसा घर का माहौल होगा, बच्चों पर वैसा ही प्रभाव पड़ेगा।

साध्वी ने चिंता व्यक्त की है कि आजकल की युवा पीढ़ी गलत दिशा की ओर बढ़ रही है। मादक पदार्थों का सेवन, मांस का सेवन और लड़ाई-झगड़े जैसी खबरें अक्सर समाचार पत्रों की सुर्खियां बनती हैं।

उन्होंने कहा कि इसका कारण परवरिश में कमी है। साध्वी ने बच्चों को कच्ची मिट्टी के समान बताया जिसे हम जैसा चाहें वैसा आकार दे सकते हैं। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों को सुसंस्कारी बनाएं और उन्हें नशे और गलत रास्ते पर जाने से रोकें।

## 6 ग्राम चिट्टा सहित गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। नशे के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन ‘सीमा संकल्प’ के तहत पदमपुर पुलिस ने एक कार्रवाई की है। पुलिस ने 6.25 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई पदमपुर थाना प्रभारी सुरेन्द्र राणा के नेतृत्व में 19 बीबी के पास की गई। गिरफ्तार युवक की पहचान लवप्रीत पुत्र कृष्णसिंह निवासी पदमपुर के रूप में हुई है। आरोपी से मौके पर मादक पदार्थ चिट्टा बरामद हुआ। इसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एसपी डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में जिलेभर में नशे के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में यह कार्रवाई की गई।

## बीकानेर शहर की अधिकांश सड़कें खस्ताहाल

बीकानेर, (कासं)। शहर की अधिकांश सड़कें खस्ताहाल हैं। आमजन को पता ही नहीं कि कौनसी सड़क किस सरकारी महकमे की है। क्योंकि प्रशासन की ओर से यह कभी सार्वजनिक ही नहीं किया। आमजन जब सड़कों की शिकायत लेकर पहुंचते हैं तो अधिकारी दूसरे महकमें की बताते हुए अपना पीछा छुड़ा लेते हैं।

अभी पूरा शहर खुदा पड़ा पड़ा है। सड़कें टूट चुकी हैं और उनमें बने गड्ढों में बारिश का पानी भर रहा है। गड्ढों में गिरने से हादसों का अंदेशा बना हुआ है। पिछले दिनों कुछ स्थानों पर सड़कों के गड्ढों में ग्रिट-कंकरीट डालने की बजाय मिट्टी डालकर भरने का प्रयास किया गया। लेकिन बारिश ने उस पर पानी फेर दिया। मिट्टी बह गई और गढ्ढ़े यथावत रह गए। आमजन परेशान हैं। उसकी परेशानी और बढ़ रही है जब वह सड़कें ठीक करने की शिकायत लेकर सरकारी महकमों में पहुंचता है। अधिकारी दूसरे विभाग की सड़कें बताकर अपना पीछा छुड़ा रहे हैं। शहर में सड़कों का निर्माण, मरम्मत, पेचवर्क का जिम्मा पीडब्लयूडी, बीडीए और नगर निगम का है। लेकिन कौनसी सड़क, किस महकमे की है, आमजन को इसका पता ही नहीं है। प्रशासन की ओर से यह कभी सार्वजनिक ही नहीं किया गया। तीनों सरकारी महकमों के अधिकारी अधिकृत रूप से अपनी सड़कों के बारे में जानकारी ही नहीं दे पाते। शहर में ज्यादातर सड़कें पीडब्लयूडी के क्षेत्राधिकार की हैं। सरकार की ओर से भी पीडब्लयूडी को ही सड़क निर्माण, पैचवर्क के लिए सबसे ज्यादा बजट दिया जाता है। इसलिए माना जाता है कि मुख्य और हाईवे से जुड़े मार्गों की सड़कें पीडब्लयूडी की है।

- पूरा शहर खुदा पड़ा पड़ा है, सड़कें टूट चुकी हैं और उनमें बने गड्ढों में बारिश का पानी भरने से हादसों का अंदेशा बना है

# हरियाली तीज पर जापानी पद्धति मियावाकी से किया सघन पौधारोपण

बीकानेर, (कासं)। कृषि भवन परिसर में रविवार को हरियाली तीज के अवसर पर मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान हरियालो राजस्थान कार्यक्रम, ‘एक पेड़ मां के नाम’ के तहत कृषि उद्यानिकी विभाग टीम ने संयुक्त निदेशक कृषि कैलाश चौधरी के नेतृत्व में सघन पौधारोपण जापानी पौधारोपण पद्धति मियावाकी से किया।

उद्यान विभाग के सहायक निदेशक मुकेश गहलोत ने बताया कि मियावाकी पद्धति जापानी पौधारोपण की एक तकनीक है, जो छोटे क्षेत्रों में घने, बहु स्तरीय वर्टिकल पौधारोपण के लिए जानी जाती है। इस विधि में विभिन्न प्रकार के स्थानीय पेड़-पौधों को एक साथ पास-पास लगाया जाता है। जिससे वे तेजी से बढ़ते हैं और सघन पौधारोपण एक प्राकृतिक जंगल की तरह विकसित होता है। हरियालो राजस्थान अभियान के तहत राज्य



**कृषि भवन परिसर में कृषि उद्यानिकी विभाग टीम ने संयुक्त निदेशक कृषि कैलाश चौधरी के नेतृत्व में सघन पौधारोपण किया।**

सरकार के निर्देशानुसार कृषि-उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों द्वारा सघन पौधारोपण किया गया। इस दौरान कृषि भवन परिसर में उद्यानिकी, वन प्रजाति, फल प्रजाति के पौधों का पौधारोपण मियावाकी पद्धति से किया गया व रोपित पौधों को खाद व सिंचाई देने का कार्य भी इस मुहिम के तहत किया गया। प्रत्येक अधिकारी ने अपने नाम से पौधा लगाया। इस अवसर पर कृषि उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों/कार्मिकों ने पौधारोपण के साथ ही समुचित देखभाल की शपथ ली। हरियालो राजस्थान ऐप पर मियावाकी पौधारोपण श्रेणी में ही पौधारोपण को अपडेट किया गया। इस दौरान कृषि उद्यानिकी विभागीय अधिकारी रेणु वर्मा, रमेश भाम्भू, श्याम सुंदर अग्रवाल, विजय कुमार, कविता गुप्ता, प्रियदर्शिनी, प्रेमकुमार व प्रगतिशील किसानों ने पौधारोपण कार्य में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संयोजन कृषि अधिकारी मुकेश गहलोत ने किया।

- मियावाकी पद्धति वर्टिकल पौधारोपण के लिए जानी जाती है

# शिविर में बच्चों ने सीखे धर्म, संस्कार के गुर

बीकानेर, (कासं)। गच्छाधिपति आचार्य प्रवर जिनमणि प्रभ सूरिश्वर महाराज के आज्ञानुवर्ती गच्छाधिपति आचार्य प्रवर जिन मणि प्रभ सूरिश्वर महाराज के आज्ञानुवर्ती गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर मंथन प्रभ सागर, बाल मुनि मीत प्रभ सागर, साध्वी दीपमाला व शंखनिधि के सानिध्य में बच्चों ने लघु नाटिका के माध्यम से रविवार को ढढ्ढा कोटड़ी में सुपात्र के दान का महत्व को बहुत रोचक व प्रभावी संवादों से बताया। दोपहर के शिविर में बच्चों ने धर्म, संस्कार के गुर सीखे।

सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट, अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद की बीकानेर इकाई की ओर से सकल श्रीसंघ के सहयोग से आयोजित चातुर्मास में अपने आपमें पहली व अनूठी प्रस्तुति थी। अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद की बीकानेर इकाई के प्रचार प्रसार मंत्री धवल नाहटा ने बताया कि ज्ञान



**ढढ्ढा कोटड़ी में रविवार को आयोजित शिविर में बच्चों ने सामूहिक गुरु वंदना व प्रार्थना की।**

वाटिका के बच्चों ने लघु नाटक में बताया कि जैन धर्म में दान की परम्परा को श्रेष्ठ माना गया है परन्तु दान तभी सार्थक होता है, जब वह सुपात्र को दिया जाए। केयूप के उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र खजांची ने बताया कि दोपहर के शिविर में बालक-बालिकाओं को मुनि मंथन प्रभ सागर व साध्वीश्री दीपमाला ने धर्म, ध्यान, देव, गुरू की वंदना, विभिन्न तरह के पाप कर्मों से बचने के बारे में बताया। बच्चों ने सामूहिक गुरु वंदना व प्रार्थना की।